Join Telegram For Free Application Form

सभी जातियों के लिये | निर्देश को ध्यानपूर्वक पूरा अवश्य पढ़ें | अन्तिम तिथि : 30 मार्च 2025

# EX-SERVICEMAN CONTRIBUTORY HEALTH SCHEME

UNOFFICIAL INSTRUCTIONS FOR CANDIDATE, FOR COMPLETE DETAILS CHECK OFFICIAL NOTIFICATION

# ECHS-जैसलमेर

## स्टेशन मुख्यालय, ई.सी.एच.एस., जैसलमेर द्वारा विभिन्न पदों पर संविदात्मक भर्ती

## GOVT OF INDIA, MINISTRY OF DEFENCE, ECHS CELL

## चपरासी, क्लर्क, फार्मासिस्ट, लैब तकनीशियन व डेंटल हाइजीनिस्ट की भर्ती

योग्यता-आठवीं/स्नातक पास | पुरुष/महिला | Offline | नि:शुल्क भर्ती

निम्नांकित पांच रिक्त पदों पर भर्ती के लिये भारतीय नागरिकों से संविदा आधार पर आवेदन पत्र आमन्त्रित किए जाते हैं :

विज्ञप्ति मूल्य -20 रुपये

| क्रम | पद का नाम | आयु | वेतनमान | योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 01. | चपरासी | 18-53 | 16800 मासिक | आठवीं पास। |
| 02. | क्लर्क / डाटा एन्ट्री आपरेटर | 18-53 | 22500 मासिक | स्नातक पास अथवा 1 क्लेरिकल ट्रेड (आर्म्ड फोर्सेज) व कम्प्यूटर का ज्ञान। |
| 03. | फार्मासिस्ट | 18-56 | 28100 मासिक | बी फार्मेसी अथवा बारहवीं विज्ञान (पीसीबी) व फार्मेसी डिप्लोमा। |
| 04. | लैब तकनीशियन | 18-56 | 28100 मासिक | बीएससी (एम.एल.टी) या बारहवीं विज्ञान तथा डीएमएलटी। |
| 05. | डेंटल हाइजीनिस्ट | 18-56 | 28100 मासिक | डेंटल हाइजीन डिप्लोमा / क्लास 1 DH DORA कोर्स (आर्म्ड फोर्सेज)। |

**आयु सीमा :** आयु की गणना अन्तिम तिथि के अनुसार की जाएगी।

**आवेदन शुल्क :** उक्त पदों पर भर्ती नि:शुल्क होगी।

**डाक द्वारा आवेदन भेजने का पता:** भर्ती के लिये इच्छुक उम्मीदवारों को अपने आवेदन इस प्रकार भेजना होगा कि वह दिनांक 30.03.2025 तक या उससे पहले Officer-in-Charge, Station Headquarter, Ex-Servicemen Contributory Health Scheme [ECHS Cell], Airforce Station, Jaisalmer - 345001 [Rajasthan] के पते पर आवश्यक दस्तावेजों की स्वयं सत्यापित प्रतियों सहित डाक के माध्यम से पंहुच जाये। डाक द्वारा भेजने से पहले आवेदन पत्र सभी दस्तावेजों सहित स्कैन करके निम्न ई-मेल आईडी पर भी भेजें- shqjaisalmer@echs.gov.in

**आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज:**

आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाण पत्रों की स्वयं सत्यापित प्रतियां दिए गये क्रम के अनुसार लगाकर भेजी जाएं। मूल प्रमाण पत्रों को संलग्न करके न भेजें।

क) आधार कार्ड व पैन कार्ड की प्रतिलिपि।
ख) आठवीं, दसवीं, बारहवीं, स्नातक, डिप्लोमा/डिग्री प्रमाण पत्र।
ग) जाति प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि (आरक्षित वर्ग के लिये)
घ) पीपीओ, डिस्चार्ज बुक, पहचान पत्र (भूतपूर्व सैनिकों के लिये)
ड) अनुभव प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि।
च) मैडिकल/फार्मेसी काउन्सिल रजिस्ट्रेशन (यदि पद हेतु आवश्यक हो)
छ) वर्तमान नियोक्ता द्वारा जारी अनापति प्रमाण पत्र (यदि हो तो)

**अन्य सामान्य शर्तें व निर्देश :**

1. आवेदन वाले लिफाफे पर पद का नाम अपना जाति / वर्ग अवश्य लिखें।
2. पद संविदा आधार पर 31 मार्च 2026 तक के लिये भरे जाएगें।
3. भूतपूर्व सैनिकों को चयन में प्राथमिकता दी जाएगी। भूतपूर्व सैनिकों के उपलब्ध न होने पर सिविलियन आवेदकों को नियुक्त किया जा सकता है।
4. उक्त पद के लिये जैसलमेर पोलोक्लिनिक में नियुक्ति प्रदान की जाएगी।
5. उपरोक्त पदों पर भर्ती हेतु साक्षात्कार के लिये केवल योग्य आवेदकों को साक्षात्कार तिथि व समय हेतु टेलीफोन पर सूचित किया जाएगा।
6. आवेदन पत्र 2 प्रतियों में भरकर भेजें।
7. केवल योग्यता शर्ते पूरी करने वाले आवेदक ही अपना आवेदन भेजें।
8. चपरासी के पद के लिये आवेदकों को कार्य का कम से कम 3 वर्ष व शेष अन्य सभी पदों के लिये 5 वर्ष का कार्य अनुभव होना चाहिये।
9. इस निर्देश को अपने पास रखें, आवेदन के साथ संलग्न करके न भेजें।

अधिक जानकारी के लिये 16 मार्च का टाईम्स आफ इण्डिया, जयपुर देखें। किसी भी त्रुटि के लिये प्रकाशक या विक्रेता जिम्मेवार नहीं होगा। निर्देश को प्रकाशित करने में पूर्ण सावधानी बरती गई है तथापि विभाग द्वारा विज्ञापित सूचना को ही सही समझा जाए। यह विज्ञप्ति केवल आवेदको के सूचनार्थ है, अधिकारिक उपयोग के लिये नहीं। इस विज्ञप्ति के साथ आवेदन पत्र नि:शुल्क उपलब्ध है।